शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमाँक.0967/E/परीक्षा–गोपनीय/2023 रायगढ़, दिनाँक 11.10.2023

–:: अधिसूचना ::–

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ से संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2023–24 में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर/स्नातकोत्तर डिप्लोमा, स्नातक प्रथम वर्ष एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित नियमित परीक्षार्थी (जो विश्वविद्यालय के परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होंगे) हेतु विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल https://snpv.ac.in पर उपलब्ध ऑनलाईन पोर्टल लिंक के माध्यम से नामांकन आवेदन (Enrollment Form) करने एवं नामाँकन शुल्क रूपये 300/– ऑनलाईन माध्यम से जमा करने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–

क्रं.	विवरण	तिथि
01	ऑनलाईन माध्यम से नामाँकन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि	12.10.2023 से
02	ऑनलाईन माध्यम से नामाँकन आवेदन करने की अंतिम तिथि	25.10.2023 रात्रि 12:00 बजे तक

टीपः–

- ➢ छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाईन माध्यम से भरे गये नामाँकन आवेदनों की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालयों में 28.10.2023 तक जमा की जा सकेगी तथा छात्रों से प्राप्त ऑनलाईन नामाँकन आवेदनों की हार्डकॉपी महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में 03.11.2023 तक जमा किये जा सकेंगे। उल्लेखित समय–सीमा का विशेष ध्यान दिया जाये।
- ➢ नियमित छात्र–छात्राओं का नामाँकन आवेदन भराया जाना महाविद्यालयों की जिम्मेदारी होगी।
- ➢ छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नामाँकन आवेदन भरते समय (यूजर आई. डी./पासवर्ड हेतु) एक मोबाईल नंबर से एक ही नामाँकन आवेदन किया जा सकेगा। अतः दूसरे का मोबाईल एवं ईमेल आई.डी. बिल्कुल दर्ज न किया जाए।
- ➢ छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन नामाँकन आवेदन करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश ऑनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध है।

- महाविद्यालय को संबंधित विषय/पाठ्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त सीट संख्या के अनुसार ही नामाँकन आवेदन स्वीकार किया जायेगा। अतः महाविद्यालय इसका विशेष ध्यान रखे।
- नामाँकन आवेदनों के अग्रेषण हेतु नामाँकन शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क पृथक से महाविद्यालय द्वारा नही लिया जायेगा।
- नामाँकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवे कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा/परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते है।
- नामाँकन आवेदन में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।
- किसी भी प्रकार की समस्या/कठिनाई होने पर प्रथमतः अपने महाविद्यालय के प्राचार्य/शिक्षकों से संपर्क करें। महाविद्यालय स्तर पर समस्या का निराकरण नही होने पर विश्वविद्यालय के अकादमी/परीक्षा विभाग में दूरभाष नंबर 8827090904 पर श्री संदीप शर्मा से संपर्क करें।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

पृ.क्रं.0968/E/परीक्षा–गोपनीय/2023 रायगढ़, दिनाँक 11.10.2023

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. उप–कुलसचिव(वित्त/अकादमी/भंडार) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
03. प्रभारी अधिकारी, अकादमिक विभाग शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
03. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित कि कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन नामाँकन भरने हेतु सूचित करें।
04. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (परीक्षा, अकादमी, भंडार) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
06. कार्यालय प्रति।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)